VAANISHREE NEWS

WWW.VAANISHREENEWS.COM

वर्ष : 01 अंक : 15 दैनिक , हिंदी वैशाली , शुक्रवार 03 सितम्बर 2021 पृष्ठ : 9 मूल्य : 1 रूपये

/vaanishreenews /vaanishreelive /vaanishreenews

बिहार के उद्योग मंत्री से मिले तारापुर के युवा व्यवसायी प्रितेश कुमार

पटना। बिहार के उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन से आज मुंगेर जिले के तारापुर निवासी युवा व्यवसायी व समाजसेवी प्रितेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की तथा उन्हें अपने हर्बल प्रोडक्ट्स प्रदान किए इस अवसर पर उन्होंने उद्योग मंत्री से मुंगेर और तारापुर इलाके में कृषि जनित उद्योग स्थापित करने की मांग की उन्होंने बताया कि इस इलाके में बहुत सारे ऐसे कृषि आधारित लघु और कुटीर उद्योग शुरू किए जा सकते हैं जिससे स्थानीय स्तर पर किसानों को लाभ तो होगा ही साथ ही साथ हजारों युवाओं को रोजगार भी मिल पाएगा प्रितेश कुमार ने इस अवसर पर अपनी कंपनी के हर्बल प्रोडक्ट्स उपहार स्वरूप उद्योग मंत्री को दिए उद्योग मंत्री ने प्रितेश कुमार के द्वारा रखी गई मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि राज्य सरकार की यह मंशा है कि राज्य के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करके दिया जाए जो लोग व्यवसाय के क्षेत्र में आना चाहते हैं उन्हें उद्यमी योजना के तहत ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है सरकार कई क्षेत्रों में संभावनाएं तलाश रही है मुंगेर और तारापुर इलाके पर उनका विशेष ध्यान है।

एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला का हुआ निधन

वाणीश्री न्यूज़, डेस्क ।एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला का निधन हो गया है।उनकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है।वह टीवी शो बिग बॉस-13 के विजेता थे।ये खबर मिलने के बाद पूरी इंडस्ट्री सदमे में है। उनके फैंस और चाहने वाले अपना दुख जता रहे हैं। बहुत ही कम उम्र में दुनिया छोड़कर जा चुके सुशांत सिंह राजपूत के गम से अभी लोग उबर नहीं पाए थे कि आज सिद्धार्थ शुक्ला के निधन की खबर ने देश को गम में डुबो दिया है। बिग बॉस 13 से उन्हें बहुत ज्यादा प्रसिद्धि मिली। उनकी जोड़ी को पंजाबी एक्ट्रेस शहनाज गिल के साथ काफी पंसद किया गया। दोनों हाल ही में बिग बॉस ओटीटी में भी

23वें विश्व नारियल दिवस समारो धूम धाम से मनाई गई

23वें विश्व नारियल दिवस समारोह के लिए विषय है- 'कोविड-19 महामारी के बीच व उसके उपरांत सुरक्षित, समावेशी, सुदृढ़ और सुस्थिर नारियल समुदाय का विनिर्माण'। नारियल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने व राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ध्यानाकर्षण के उद्देश्य से नारियल विकास बोर्ड द्वारा आयोजित विश्व नारियल दिवस पर केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में नारियल का काफी मजबूत प्रभाव पड़ा है। उन्होंने किसानों व उद्यमियों से आग्रह किया कि वे नारियल क्षेत्र की क्षमताओं का भरपूर फायदा उठाएं, उनके प्रयासों में केंद्र सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हुई है। केंद्र द्वारा कृषि बजट काफी बढ़ाने के साथ एमएसपी का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। कृषि प्रधान देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के प्रयास उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री जी की हमेशा से किसानों की आय बढ़ाने की सद्इच्छा रही है। कृषि उपज गुणवत्तापूर्ण व वैश्विक मानकों के अनुरूप होना चाहिए, जिससे निर्यात भी बढ़ेगा।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि हमारे किसान लघु व सीमांत श्रेणी के हैं, इसलिए देशीय नारियल उद्योग का भविष्य फार्म स्तर पर ही नारियल के उत्पादन का संचयन एवं एकत्रीकरण करने से तय होता है। किसानों को बेहतर आय प्राप्ति के लिए प्रसंस्करण व मूल्यवर्धन करने, उत्पाद विविधीकरण अपनाने पर ध्यान दिया जा रहा है।राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन अनुरूप किसानों की आय बढ़ाने के लिए नारियल उत्पादकों को भी सरकार लाभ पहुंचा रही है। केंद्र सरकार किसानों के लिए समर्पित है और कृषि क्षेत्र प्राथमिकता है, इसीलिए कृषि बजट भी काफी बढ़ाया गया है। कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के माध्यम से भी बड़ी संख्या में किसानों को सुविधाएं मिलेगी। समारोह में कृषि एवं किसान कल्याण सचिव श्री संजय अग्रवाल ने भी संबोधित किया। संयुक्त सचिव व नारियल विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री राजबीर सिंह ने प्रेजेन्टेशन दिया। समारोह में मंत्रालय व बोर्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न राज्य बागवानी मिशनों के अधिकारी व अग्रणी किसानों ने भाग लिया। नारियल उत्पादक किसानों के लिए तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया।

फुलवरिया थाना पुलिस ने मिनी गन फैक्टरी का किया उद्भेदन

वाणीश्री न्यूज़, गोपालगंज। फुलवरिया थाने को एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब पंचायत चुनाव से पहले थाना क्षेत्र के मदरवानी गांव से एक मिनी गन फैक्टरी का उद्भेदन किया गया। जिसमें समस्तीपुर के रहनेवाले एक ब्यक्ति एवम मदरवानी गांव निवासी लाल बहादुर यादव को गिरफ्तार भी कर लिया गया। डी एस पी नरेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मदरवानी गांव के लाल बहादुर यादव के घर पर कुछ आपराधिक किस्म के लोग इकठ्ठे हुए है जिसके बाद वहाँ छापेमारी कि गई । घर की तलाशी ली गई तो उसमें गन बनाने के गन फैक्ट्री का संचालन हो रहा था वहाँ मशीन एवम ओजार तथा एक देशी कट्टा अर्ध निर्मित कट्टा तथा कारतूस एवम एक कार से चरस भी बरामद किया गया। वही उन्होंने बताया कि जब इनसे पूछ ताछ की गई तो इन लोगो ने बताया कि वे पंचायत चुनाव में गड़बड़ी पैदा करने के नियत से कम कर रहे थे तथा मीरगंज रैक पॉइंट पर गड़बड़ी पैदा करने की मानसा थी।

लालगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर लगभग 20 लाख का नकली सामान किया बरामद

वाणीश्री न्यूज़, लालगंज । लालगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर लालगंज के चकसाले गाँव स्थित वार्ड नंबर-11 मे गुड्डू साह के आलीशान मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में मेडिकल दवा डिस्पोरिन, ओर मबेशी के खानेवाली नकली दवा के साथ नकली ऑयल ,निहार ओर नवरत्न कंपनी का नकली ठंडा तेल पुलिस ने जब्त किया है। इसके अलावे पुलिस ने खाली बोतल ओर रैपर भी भारी मात्रा में जब्त किया है। , ब्राण्ड प्रोटेक्शन कम्पनी के अधिकारी मो0 सहदुल्लाह के सूचना पर पुलिस ने कारबाई किया है।दो मंजिला मकान में नकली समान बनाने का फैक्ट्री खोल कर आरोपी गुड्डू साह लाखो का कमाई कर चुका है। जब्त नकली समान की कीमत 20 लाख से ऊपर का बताया जा रहा है। थानां अध्यछ सी0बी0 शुक्ला ने बताया लालगंज में दो माह के अंदर यह तीसरा बड़ा छापामारी है पुलिस ने किया जँहा से भारी मात्रा में नकली दवा ओर नकली समान जब्त किया गया है। लालगंज थाना पुलिस नकली कारोबार करने बाले माफिया पर लगातर शिकंजा कस रही है। वैशाली जिला का लालगंज देशी के नामी ब्राण्ड कम्पनी का नकली समान बनाने का हब बनाता जा रहा है। ब्राण्ड प्रोटेक्शन के अधिकारी मो0 सहदुल्लाह ने बताया कि ब्राण्ड प्रोटेक्शन को लगातार सूचना मिल रही थी कि राजधानी के आसपास बड़े पैमाने पर नकली समान बनाने का कारोबार हो रहा है।मगर यही लोकेशन नही मिल रहा था। पिछले एक माह से ब्राण्ड प्रोटेक्शन के कई कर्मचारी नकली समान बनाने बाले फैक्ट्री का पता लगाने में जुटी थी।जो लालगंज में पकड़ा गया। उन्होंने बताया पहले भी लालगंज पुलिस एक करोड़ से ऊपर के कीमत का देश के नामी दवा कम्पनी का नकली दवा जब्त कर चुकी है।

पीजी रिजल्ट के लिए बीआरए बिहार विवि को कराया बंद

वाणीश्री न्यूज़, मुजफ्फरपुर। जिले के बीआरए बिहार विवि में पीजी सकेंड और थर्ड सेमेस्टर का रिजल्ट परीक्षा के छह महीने बाद भी जारी नहीं हुआ है। इसके विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने विवि बंद कराया और अधिकारियों के कार्यालयों में तालेबंदी की। दो घंटे तक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विवि के प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन करते रहे। इसकी जानकारी होने के बाद विवि के प्रॉक्टर प्रो। अजीत कुमार परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ वार्ता करने पहुंचे। इस दौरान उनकी छात्रों के साथ तीखी नोकझोंक हो गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रॉक्टर से बात करने से इनकार कर दिया।सुबह साढ़े 11 बजे परिषद के कार्यकर्ता विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे।

पीजी रिजल्ट जारी नहीं होने पर विरोध जताते हुए कुलपति, परीक्षा नियंत्रक और डीएसडब्ल्यू के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने डीएसडब्ल्यू के चैंबर में ताल बंद कर दिया। हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं ने इसके बाद परीक्षा नियंत्रक और रजिस्ट्रार के कार्यालय को बंद कराया और वहां काम कर रहे कर्मचारियों को बाहर कर दिया। छात्रों का कहना था कि बिहार विवि की लापरवाही से छात्रों का रिजल्ट अब तक अटका है। रिजल्ट जारी करने के लिए विवि कोई पहल नहीं कर रहा है। परिषद के कहा कि पीजी सत्र 2019-21 की परीक्षा भी अब तक नहीं हुई है जबकि छात्र इसका फॉर्म भर चुके हैं। परिषद के जिला संयोजक पुष्कर सिंह ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा परिणाम अभिलंब घोषित नहीं किया गया तो उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा। छात्र नेता अभिनव राज ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह रवैया वर्षों से चला रहा है। इसे अब सहन नहीं किया जाएगा। मौके पर विभाग संयोजक प्रभात श्रीवास्तव, महानगर मंत्री दीपांकर गिरि, देवेश्वर कुमार, बबलू कुमार, सुमंत कुमार, धनंजय कुमार, प्रशांत गौतम, बाबुल, दीपक यादव, रविभूशन शुक्ला, प्रिंस, आदित्य चौधरी, प्रशान्त गुप्ता, पप्पू कुमार, प्रशान्त कुमार, सूर्या गुप्ता थे।

तीन से चार दिन में जारी हो जाएगा रिजल्ट

सकेंड सेमेस्टर का रिजल्ट तीन से चार दिन में जारी हो जायेगा। रिजल्ट बनाने का काम पूरा हो गया है। कुछ कॉलेजों ने नंबर नहीं भेजे थे। उन्हें नंबर भेजने को कह दिया गया है। सकेंड के बाद थर्ड सेमेस्टर का भी रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

-प्रो। अजीत कुमार, प्रॉक्टर, बीआरए बिहार विवि

बढ़ते अपराध को देखते हुए थाना क्षेत्र में हुआ फेरबदल

वाणीश्री न्यूज़, मुजफ्फरपुर। अहियापुर थाने के अधीन सर सैयद कॉलोनी, फैज कॉलोनी, छींट भगवतीपुर व जगरन्नाथ मिश्रा कॉलेज के आसपास का इलाका नगर व मिठनपुरा थाने से जोड़ा जाएगा।ये इलाके शहर व बूढ़ी गंडक किनारे चंदवारा के सटे हैं। अहियापुर पुलिस को इन जगहों तक पहुंचने में सिकंदरपुर ओपी व नगर थाना क्षेत्र को पार कर पहुंचना होता है।भौगोलिक दृष्टिकोण से अहियापुर के अन्य इलाके से कटे इन मोहल्लों में पुलिस गश्त पर नहीं आती है।अब इसे लेकर नगर डीएसपी रामनरेश पासवान ने एक प्रस्ताव तैयार किया है।इसमें बूढ़ी गंडक नदी से सटे इन इलाकों को नगर व मिठनपुरा थाने से टैग कर दिया जाएगा ताकि पेट्रोलिंग आदि नियमित हो सके।गश्ती नहीं होने से इन इलाकों में शराब के अलावा अन्य गैर कानूनी कार्य होता है।सर सैयद कालोनी में सेक्स रैकेट का अड्डा संचालित हो रहा था।इन इलाकों में बीते दो माह में 10 से अधिक चोरियां हो चुकी हैं।इसे देखते हुए नगर डीएसपी ने इन इलाकों को नगर व मिठनपुरा थाने से टैग करने का प्रस्ताव बनाया है। इसे एसएसपी के माध्यम से आईजी को भेजा जाएगा।।

जलजमाव और बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों की पुनर्स्थापना संबंधी कार्यों एवं कृषि क्षति की डीएम ने की समीक्षा

वाणीश्री न्यूज़, मुजफ्फरपुर। नगर निगम मुजफ्फरपुर की समीक्षा के दौरान श्री विवेक रंजन मैत्रेय, नगर आयुक्त, नगर निगम मुजफ्फरपुर ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से कुछ क्षेत्रों में जलजमाव स्थिति उत्पन्न हुई है तथा सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उनके द्वारा बताया गया कि प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जल निकासी कार्य हेतु 5 एचपी से लेकर 38 एचपी क्षमता तक के कुल 85 पंपिंग सेटों को उपयोग में लाया जा रहा है। साथ ही नालों की सफाई व उड़ाही की जा रही है। उनके द्वारा बताया गया कि कुछ स्थलों पर ड्रेनेज पर अतिक्रमण होने के कारण जल निकासी में हुए अवरोध को भी दूर किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि मोतीझील, कलमबाग चौक सहित महत्वपूर्ण स्थानों पर जलजमाव से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मति करा दी गई है। शीघ्र ही अन्य सड़कों की मरम्मति करा दी जाएगी।

बाढ़ एवं अतिवृष्टि से कृषि क्षति एवं आकस्मिक फसल योजना की समीक्षा के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि जिले में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से 54000 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है। पंचायत वार कृषि क्षति का सर्वे कार्य किया जा रहा है, जिसे 10 सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आकस्मिक व वैकल्पिक फसल योजना तैयार कर ली गई है।जिला पशुपालन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर ने बताया कि जिले में कुल 39 पशु चिकित्सा कैम्प संचालित किए जा रहें हैं तथा मांग के आधार पर पशु आहार भी वितरित किया जा रहा है।पथ निर्माण विभाग पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण -1 ने बताया की अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मति की जा रही है उनके द्वारा बताया गया कि पूसा रोड पर क्षतिग्रस्त सड़क को मोटेरेबल बना दिया गया है, शीध्र ही पुनर्स्थापना भी करा दिया जायेगा। कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग -2 द्वारा बताया गया कि कुछ सड़कों पर जलजमाव है जिससे मरम्मति कार्य करने में बाधा हो रही है।ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कों की समीक्षा के दौरान तकनीकी अभियंताओ द्वारा बताया गया कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मति की जा रही है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों तथा तकनीकी अभियंताओं को निदेशित करते हुए कहा कि अगस्त माह में सामान्य की अपेक्षा दोगुनी वर्षा हुई, जिससे उत्पन्न समस्याओं के निदान हेतु अन्तर विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए गंभीरता से कार्य करें तथा आम जन की समस्याओं को दूर करें। जिलाधिकारी ने जिला कृषि पदाधिकारी को एक सप्ताह के भीतर कृषि क्षति के सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन को बाढ़ प्रभावित कार्यों को सुचारु रुप से संचालित करने के साथ नाव, शौचालय, चापाकल, ब्लीचिंग पाउडर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी एवं पश्चिमी को राहत एवं बचाव कार्य का नियमित अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया। बैठक का संचालन डा अजय कुमार, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, मुजफ्फरपुर ने किया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, पूर्वी डा कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, पश्चिमी डा अनिल कुमार दास, वरीय उपसमाहर्ता, आपदा प्रबंधन विकास कुमार, कंसल्टेंट आपदा प्रबंधन मो। साकिब खान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

2 दर्जन भर से अधिक मामले में पुलिस ने 9 अपराधियों को किया गिरफ्तार

वाणीश्री न्यूज़, मुजफ्फरपुर। जिले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपराध रोकथाम में बड़ी कामयाबी मिली है। एएसपी पश्चिमी सैयद इमरान मसूद के नेतृत्व में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से 5 लोडेड हथियार, गोलियां और सोने और चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं। बरूराज, कांटी और मोतीपुर में लगातार चोरी और लूटपाट की घटनाएं बढ़ रही थी। जिसको लेकर पुलिस ने छापेमारी की।इस बारे में जानकारी देते हुए एसएसपी जयंत कांत ने बताया कि चोरी और लूटपाट की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया था। जिसके बाद छापेमारी करते हुए अलग-अलग जगहों से अपराधियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने करीब 2 दर्जन से अधिक कांड का उद्भेदन किया है। इनमें से कई अपराधी घरों और दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। बता दें कि पुलिस लगातार अपराधियों पर नकेल कसने में जुटी है। इसके बावजूद भी चोरी की और लूटपाट की घटनाएं बढ़ती जा रही है। अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस की इस कामयाबी से किस हद तक अपराध पर रोकथाम लगा सकेगी।

टैंकर से भारी मात्रा में स्प्रिट बरामद

वाणीश्री न्यूज़, जमुई-पुलिस अधीक्षक प्रमोद मंडल के निर्देश पर शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार की जा रही छापेमारी में जमूई उत्पाद टीम एवं सोनो थाना के द्वारा संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए सोनो-चकाई मुख्य मार्ग के डुमरी पेट्रोल पंप के समीप से एक टैंकर को चेक किया गया जिसमें स्प्रिट मिश्रित होने की आशंका जताई गई।पुलिस के द्वारा उस टेंकर को जप्त कर थाने लाया गया पुलिस के द्वारा हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

मतदान को लेकर चल रहे प्रशिक्षण में अनुपस्थित 124 कर्मियों पर होगी कार्रवाई

वाणीश्री न्यूज़, वैशाली। पंचायत निर्वाचन 2021 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण कराया जा रहा है ताकि मतदान करने में कोई परेशानी नही ह सके। जिला में दिए जा रहे इस प्रशिक्षण में दिनांक 1 सितम्बर 2021 को कुल 124 मतदान कर्मी अनुपस्थित पाए गए। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री विजय प्रकाश मीणा के द्वारा सभी अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण करने और स्पष्टीकरण का जवाब समय से नहीं देने पर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल

पदाधिकारी सह अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री राजेश रोशन के द्वारा बताया गया कि 1 सितंबर कोडिंग पदाधिकारी व P1 को कुल 5 प्रशिक्षण केंद्र पर दो सत्रों में प्रशिक्षण दी गई। जिसमे कुल 3533 कर्मियों को प्रशिक्षण प्राप्त करना था जिसमें 3409 उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किए जबकि 124 कर्मी अनुपस्थित पाए गए।

अनुपस्थित पाए गए कर्मियों के विरुद्ध उप विकास आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है और कहा कि जो लोग प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

प्रखंड स्तर पर गठित कोषांग को जल्द सक्रिय करें : जिला पदाधिकारी

वाणीश्री न्यूज़, वैशाली। पंचायत निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा वैशाली जिला के अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा जिलाधिकारी श्रीमती उदिता सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी पंचायत निर्वाचन व्हाट्सएप ग्रुप बना लें तथा एक अलग ग्रुप प्रत्येक प्रखंड के लिए प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों का भी बनाए ताकि निर्वाचन विभाग से प्राप्त होने वाले पत्रों, दिए गए निर्देशों और सूचनाओं की जानकारी सभी पदाधिकारियों को समय मिल जाए। जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि गौरौल , महनार, पटेढ़ी बेलसर तथा राघोपुर प्रखंड से उपलब्ध कराए गए मतदान केंद्रों की सूची में त्रुटी पाई गई है। इसे सुधार कर तुरंत भेजने की मांग की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि समाधान पोर्टल पर एक भी परिवार लंबित नहीं रहना चाहिए। राघोपुर में इस पोर्टल पर एक परिवाद लंबित पाया गया है जिसका निवारण कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन्दाहा , बिदुपुर, वैशाली और राघोपुर से सेक्टर पदाधिकारियों की सूची तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें क्षेत्र में गतिशील रहने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ईवीएम की कमीशन इन प्रखंडों में होनी है इसके लिए स्थल चिन्हित कर सूचि उपलब्ध कराई जाए तथा डिस्पैच सेक्टर के स्थलों की सूची भी मांग की गई। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचित तथा सहायक निर्वाचित पदाधिकारी नियमों को ठीक ढंग से पढ़ ले और उसके अनुसार ही कार्य करें। अगर कहीं संदेह है तो उसे पूछ ले सभी ।अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को चौकीदारी परेड करा लेने का निर्देश दिया गया है और कहा गया कि इस परेड के माध्यम से शराब की बिक्री या निर्माण नहीं होने संबंधी प्रतिवेदन जरूर प्राप्त किया जाए एवं सभी प्रखंडों में संवेदनशील स्थलों की जानकारी प्राप्त कर सूची बनाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 6 सितंबर से सत्यापन की तिथि निर्धारित की गई है जिसे कराई से संपन्न कराएं एवं जरूरी हो तो शस्त्र जमा करा ली जाए। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों से सजायाफ्ता रहे उन पर कड़ी नजर रखी जाए और जरूरी हो तो 107 के तहत उन पर कार्रवाई की जाए ।107 के तहत कार्रवाई करने और काउंट डाउन बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया ।उन्होंने कहा कि समीक्षा में पाया गया कि अभी तक यह कार्रवाई 2000 लोगों के विरुद्ध हुई है जबकि बताया गया है कि पिछले पंचायत निर्वाचन के समय 25000 लोगों पर हुई थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लंबित मामलों में गिरफ्तारी सुनिश्चित कराई जाए और इसके लिए कुर्की जप्ती भी किया जाए ।उन्होंने कहा कि अगर कुख्यात व्यक्ति जेल में है और उसका निकट संबंधी निर्वाचन में भाग ले रहा है तो उसके विरुद्ध जेल ट्रांसफर का प्रस्ताव किया जाए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा रिवर पेट्रोलिंग बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया। कहा गया कि आदर्श आचार संहिता के बिंदु पर कड़ी नजर रखी जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ उप विकास आयुक्त श्री विजय प्रकाश मीणा, एसडीओ श्री अरुण कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिलाधिकारी द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

- **प्रखंड स्तर पर गठित कोषांग को जल्द सक्रिय**
- **समाधान पोर्टल पर एक भी परिवार लंबित नहीं रहना चाहिए**
- **स्थल चिन्हित कर सूचि उपलब्ध करने का दिया निर्देश**
- **संवेदनशील स्थलों की जानकारी प्राप्त कर बनाई जाए सूची**
- **पंचायत निर्वाचन व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का दिया निर्देश**

आठ दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

वाणीश्री न्यूज़, भगवानपुर। सराय ठाकुरबाड़ी में चल रहें आठ दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन का शुभारंभ महुआ के विधायक डॉ मुकेश रौशन, किशलय किशोर, मनोहर साह, कुणाल कुमार गुप्ता, आसुतोष कुमार दीपू आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर आयोजन समिति के सदस्यों ने महुआ विधायक डॉo मुकेश रौशन को सम्मानित किया। कलाकारों द्वारा देर रात्रि तक कार्यक्रम की प्रस्तुति को देख दर्शकों को खूब आनंदित किया। वही सराय स्टेशन रोड में मीना बाजार तरह तरह के झूले एवं पकवानों का लोग खूब आनंद उठा रहे है। आठ दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह में हर रोज संध्या आरती में गणमान्य अतिथियो के द्वारा किया जाता है तत्पश्चात संस्कृति कार्यक्रम की सुरुआत वृन्दावन से आये कलाकारों के द्वारा किया जाता है। आदर्श ठाकुरवाड़ी कमिटी के सचिव मनोहर साह,सदस्य किसलय किशोर,सदस्य कुणाल कुमार गुप्ता,आसुतोष कुमार दीपू,अजीत सिंह,रत्नेश कुमार गुड्डू,बादल आनंद,विपिन कुमार,आरुणि गुप्ता,निर्भय कुमार अमरोही,मृत्युंजय सिंह सहित अन्य लोगों का योगदान सराहनीय रहा।

सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आरसीपी सिंह का किया स्वागत

वाणीश्री न्यूज़, मुज़फ़्फ़रपुर। आज केंद्रीय इस्पात मंत्री व जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह जी का नौशाद अहमद की अध्यक्षता में रणजीत कोल्ड स्टोर के पास गाजे बाजे के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया , साथ ही अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जमाल साहब के साथ , जदयू नेता सुहेल सिद्दीकी जी , अशरफ वारसी जी , इरशाद रजा जी , मौलाना हाफिज हैदर साहब , आजाद जी के साथ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के तमाम साथी मौजूद थे।

राष्ट्रीय पोषण दिवस मना कर अभियान का किया शुभारंभ

बच्चे और लाभुकों को शपथ दिलाते हुए

पोस्टर के साथ जागरूक करते हुए

वाणीश्री न्यूज़, वैशाली। बिदुपुर प्रखंड के पंचायत चकसिकंदर कल्याणपुर अंतर्गत केंद्र संख्या 20,चकजैनव पर राष्ट्रीय पोषण दिवस मना कर इस अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 1 माह तक चलेगी।ये जानकारी अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कर्मचारी महासभा के प्रदेश महासचिव सविता कुमारी ने दी।सविता ने बच्चों, महिलाओं व किशोरियों किशोरों को कुपोषण के प्रति शपथ दिलाई एवं प्रभात फेरी भी निकाली। शपथ के दौरान सविता बताती हैं कि कुपोषण 6 माह से 2 साल के बच्चों में ज्यादातर होती है। क्योंकि 6 माह पूरे होने पर माताएं अपने बच्चों को ऊपरी आहार देने में लापरवाही बरतने लगते हैं। जिस कारण बच्चे सही से खाना नहीं खा पाते और कुपोषण के शिकार हो जाते हैं और वे मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। इसलिए इसी उम्र में मां के दूध के साथ-साथ सही मात्रा में ऊपरी आहार बच्चों को खिलाना अति आवश्यक है। एवं साफ-सफाई का भी ध्यान रखना है। खाना बनाने से पहले,बच्चों को खिलाने से पहले, शौच से आने के बाद,कूड़ा करकट उठाने के बाद अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह साफ करना चाहिए। थोड़ी सी सावधानी बरतकर हम स्थिति को संभाल सकते हैं।साथ ही महिलाओं को पौष्टिक आहार लेना चाहिए।यह गर्भवती महिला के साथ-साथ पेट में पल रहे बच्चे के लिए भी जरूरी है। भोजन एवं नाश्ते में चना, गुड़,पालक,हरी पत्तेदार साग- सब्जी,फल,चुकंदर, दूध, मांस, मछली एवं अंडा आदि शामिल करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को हमेशा चिकित्सक के संपर्क में रहना चाहिए। विशेष कर ध्यान दें की वैश्विक महामारी कोविड-19 को देखते हुए कोविड-19 का टीका सभी लोग लगवा ले। खुद और अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दे। क्योंकि कोरोना का तीसरी लहर आना अभी बाकी है ।इसमें ज्यादातर हमारे बच्चे ही प्रभावित होंगे। इसलिए हमेशा मास्क पहने एवं एक दूसरे से दूरी बनाए रखें। 2 गज की दूरी,मास्क है जरूरी। रैली के दौरान तख्ती के माध्यम से किशोरी बालिकाएं,बच्चे एवं महिलाएं नारा लगा रहे थे सही पोषण, देश रोशन। मां के दूध में अमृत धारा, पीकर बच्चा पुष्ट हमारा। आईसीडीएस ने ठाना है, कुपोषण को भगाना है। आज के दिवस में प्रीति कुमारी, किरण कुमारी, कुणाल किशोर, प्रतिमा देवी, विजय कुमार, राजकुमारी देवी, मिन्ता देवी, अनीता देवी, इंदु देवी, गुंजा कुमारी, अर्पणा कुमारी, कल्पना कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

बिहार के सभी प्रखंड में संवाददाता की आवश्यकता संपर्क करें 8318198349

न्यूज़ और विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9580301317

मतदान कर्मियो को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र का वितरण

वाणीश्री न्यूज़, मृत्युंजय कुमार ,भगवानपुर (बेगूसराय)

पोषण प्रतिज्ञा "सही पोषण देश रौशन" तथा पोषण रैली के माध्यम से सितंबर माह में होने वाले गतिविधियों का आयोजन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना कुमारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे कुपोषण छोड़ पोषण की ओर थामे, क्षेत्रीय भोजन की डोर के तहत विभिन प्रकार की गतिविधियों का आयोजन परियोजना, आंगनवाड़ी केंद्र, गाँव, स्वास्थ्य केंद्र आदि स्तरों पर किया जाना है। जिसके तहत बच्चों की वृद्धि निगरानी, पोषण परामर्श डेस्क की स्थापना, पोषण वाटिका, गृह भर्मण, योगा सत्र, पोषण संबंधित प्रचार प्रसार तथा सलाह देने हेतु विभिन विभागों के समन्वय के साथ पोषण को सफलता पूर्वक मनाने का प्रतिज्ञा लिया गया। उक्त मौके पर सीओ वीणा भारती, पीड़ामल फाउंडेशन के अजित कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार, लिपिक मुरली धर कुमार, प्रखंड समन्वयक रौशन कुमार, महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी, लीला कुमारी, कुमारी इंदु के साथ क्षेत्र के आंगनवाड़ी सेविका मंजू वर्णवाल आदि उपस्थित थे।

आस पास की ख़बरों को हमारे व्हाट्सअप पर भेज सिटीजन रिपोर्टर बनें 8318198349

बाढ़ की विभीषिका से लोग परेशान

वाणीश्री न्यूज़, तेघड़ा। तेघड़ा, गंगा नदी में आई बाढ़ की विभीषिका ने संबंधित क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर पर प्रतिकूल प्रभाव डाला था। जिसका सामना वहां के लोगों ने किसी तरह किया। उस क्षेत्र के लोगों के लिए सरकार एवं अन्य संस्थाओं द्वारा कई तरह की राहत कार्य चलाए गए और स्थिति सामान्य हुई। अधिकतर लोग जमीनदारी बांध से अपने घर को वापस गए। लेकिन 5 दिन से गंगा नदी की जलस्तर मैं लगातार वृद्धि होने से वहां के लोगों में फिर से ढेर सारी समस्याएं उत्पन्न हो गई है। रात गांव पंचायत के नदी के बीच भगवानपुर चक्की क्षेत्र के लोगों के घर तक फिर से पानी ने दस्तक दे दिया है। खासकर वहां के लोगों को विसौवा पुल तक आने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ।पहले जो नाव दिया गया था वह भी हटा दिया

गया। वहां के अधिकतर लोग खेतिहर मजदूर और दैनिक मजदूरी कर जीवन गुजर बसर करने वाले लोग हैं। अब उन लोगों के बीच अन्य समस्या का सामना करना पड़ रहा है। 14 नंबर वार्ड के वार्ड सदस्य उदय महतो ने बताया कि जिस समस्या से हम लोग जूझ रहे थे पानी निकलने के बाद समस्या से निजात पाया गया लेकिन जलस्तर में लगातार वृद्धि होने की वजह से फिर से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

कोरोना अपडेट

भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 47,092 नए मामले आए, 35,181 रिकवरी हुईं और 509 लोगों की कोरोना से मौत हुई

कुल मामले: 3,28,57,937
सक्रिय मामले: 3,89,583
कुल रिकवरी: 3,20,28,825
कुल मौतें: 4,39,529
कुल वैक्सीनेशन 66,30,37,334

देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 47,092 नए मामले आए और 509 मौतें हुईं, जिसमें केरल में कल आए कोरोना वायरस के 32,803 मामले और 173 मौतें शामिल हैं।

बिजली की आंखमिचौली से आम उपभोक्ता परेशान

वाणीश्री न्यूज़, तेघड़ा। तेघड़ा, प्रखंड क्षेत्र इन दिनों बिजली की आंखमिचौली से आम उपभोक्ता काफी परेशान है।इस भादो महीने के उमस भरी गर्मी में बिजली का आना और जाना उसके बाद घंटो गायब रहना बिजली की फितरत सा हो गया है।क्षेत्र के पिढौली, दुलारपुर, आधारपुर सहित अन्य जगहों पर बिजली प्रायः गायब रहते है।शम्भू सिंह,राजीव,संतोष आदि ने बताया को बिजली विभाग के कर्मी और अधिकारियों की लापरवाही से बिजली बाधित रहता है।अधिकारियों को फोन करने पर फोन रिसीव नही करना घोर लापरवाही है।बाढ़ और बारिश के मौसम के चलते हर जगह जलजमाव होने से किड़े मकोड़े का डर अंधेरे में सताते है।यही हाल तेघड़ा नगर पंचायत से नगर परिषद क्षेत्र का है जहां घूसखोरी और कमीशन खोरी की बजह से तेघड़ा स्टेशन रोड में लगाई गई तमाम हाई मास्क लाइट बंद रहने के कारण नगर परिषद क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है।इस बाबत नगर परिषद क्षेत्र के कांग्रेसी नेता रणधीर मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि रौशन कुमार ने बताया कि कई बार लाइट खराब होने की शिकायत कार्यपालक पदाधिकारी से किया मगर उनकी कुम्भकर्णी निद्रा नही टूटा। ऐतिहासिक श्री कृष्ण जन्मोत्सव मेला में भी लाइट ठीक नही कराया गया।मिश्रा ने बताया कि रात्रि में बाजार में अंधेरा रहने से पुलिस प्रशासनिक और असमाजिक तत्वों की साठ गांठ से जान बूझकर लाइट खराब कर अंधेरे में चोरों और शराब माफिया का राज कायम रहता है।वही लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है।उन्होंने जिलाधिकारी से नगरपरिषद तेघड़ा में लगाये गए लाइट योजना की जांच कर संलिप्त कर्मियों पर करवाई की मांग की है।

निष्पक्ष चुनाव कराने की तैयारी जोरो पर

वाणीश्री न्यूज़, तेघड़ा। तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र में पंचायत चुनाव की डुगडुगी बजते है सभी पंचायतो में हलचल हो गई है ।प्रशासनिक महकमें भी निष्पक्ष चुनाव कराने की तैयारी भी जोरो पर है।तेघड़ा प्रखंड में पंचायत चुनाव 11 वा चरण में 12 दिसंबर को चुनाव होना है।इस बार पंचायत चुनाव में कई मुखिया की कुर्सी खतरे में हो सकता है।वही जिलापार्षद क्षेत्र से 17 में चुनाव दिलचस्प होने के आसार हैं। इस क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिये कई भाजपाई दाँव खेल रहे है कि भाजपा द्वारा किसे चुनाव लड़ने के लिए चुनता है।वही एक विधायक भी अपने पुत्र को चुनाव लड़ाने की चर्चा हो रही है।वही अन्य जिलापार्षद क्षेत्र में भी चुनाव मैदान का चक्कर लगाना शुरू कर दिए है।इस बार कुछ पंचायत के वार्डो में फेरबदल भी किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूलों में स्वच्छता गतिविधि आयोजित

वाणीश्री न्यूज़, एकमा (सारण)। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण किशोर महतो के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक, मध्य व उच्च माध्यमिक स्कूलों में दूसरे दिन गुरुवार को भी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विविध गतिविधियां आयोजित हुई। इसकी शुरुआत चेतना सत्र में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाकर करवायी गयी। उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक स्कूल गौसपुर में गुरुवार को आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में कोविड-19 से बचाव हेतु फेस मास्क पहनने का सही तरीका, साफ-सफाई आदि की जानकारी दी गई। बच्चों द्वारा पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया गया। शिक्षकों ने भी स्वच्छता की शपथ व कोविड-19 से बचने के लिए स्वच्छता अपनाने पर बल दिया।इस दौरान प्रधानाध्यापिका वीणा सिंह, सीआरसीसी अरुण कुमार ओझा, शौकत अली, ओमप्रकाश यादव, दिग्विजय कुमार गुप्ता, अंजू कुमारी, विभा कुमारी, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी आदि ने छात्र-छात्राओं को कोरोना महामारी से बचने के उपाय बताये। इसी क्रम में साफ मास्क पहनने, कपड़े की सफाई, स्वच्छ हवा की उपयोगिता के अलावा जहां-तहां थूकने आदि से बचने की सलाह दी गई। बीईओ कृष्ण किशोर महतो ने बताया कि इस पखवाड़े के तहत कन्या मिडिल स्कूल बेनौत, वनसृजित प्राथमिक विद्यालय भुंधरी, कन्या प्राथमिक विद्यालय भुईली, मध्य विद्यालय व एनपीएस रामपुर विंदालाल, केपीएस नवतन कोइरी टोला, केपीएस माने, यूएमएस विशुनपुरा कला, केपीएस भरहोपुर मठिया,उत्कमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय गौसपुर व लाकठ छपरा, पीएस माने मठिया, मध्य विद्यालय हंसराजपुर, प्राथमिक विद्यालय राजापुर, आमडाढ़ी, कन्या मध्य विद्यालय एकमा बीआरसी परिसर आदि में भी स्वच्छता पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।

अखंड अष्टयाम प्रारंभ

वाणीश्री न्यूज़, तरैया (सारण)। प्रखंड के नारायणपुर पंचायत के नारायणपुर पूरब यादव टोला स्थित मां भगवती के दरबार में गुरुवार को 24 घंटे का अखंड अष्टयाम प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व भव्य कलश यात्रा सह शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 501 कलशधारी महिला व युवतियां विभिन्न रंग के परिधानों में शामिल हुई। लोग बैंड बाजे और डीजे की धुन पर भक्ति गाना गाते और जयकारा लगाते चल रहे थे। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर मोलनापुर गांव स्थित गंडक नदी घाट तक पहुंची। जहां आचार्य सुकेश त्रिवेदी के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जल भरी हुई। यजमान के रूप में नारायणपुर पंचायत के मुखिया तारकेश्वर राय सपत्नीक पूजा अर्चना किए। तत्पश्चात अखंड अष्टयाम प्रारंभ हुआ। इस अखंड अष्टयाम में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गायन मंडलियां विभिन्न पारंपरिक धुनों पर राम नाम संकीर्तन गायीं। मौके पर दर्जनों गणमान्य लोगों के साथ सैकड़ो महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। मां भगवती स्थान परिसर में अखंड राम नाम संकीर्तन प्रारंभ होने से आसपास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है।

चौथे दिन अष्टयाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

वाणीश्री न्यूज़, छपरा (सारण)। छपरा (सारण)। श्रीकृष्णजन्माष्टमी से श्रीधर बाबा के मठिया पर चल रही नौ दिवसीय अखण्ड अष्टयाम सराय बक्स स्थित महर्षि श्रीधर बाबा नयन ज्योति अस्पताल के प्रांगण में श्रीधर बाबा राधे कृष्ण मंदिर में पिछले श्री कृष्ण जन्माष्टमी से नौ दिवसीय अखंड अष्टयाम जारी है। जिसमें चौथे दिन गुरुवार को आसपास के कई गांवों से सैकड़ों महिलाएं और युवतियां पूजा करने के लिए आ रही हैं। राधे कृष्ण मंदिर आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा शिव मंदिर और हनुमान मंदिर में भी पूजन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दूर-दूर से श्रद्धालु व्यास और गायकों अखण्ड अष्टयाम में हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र का जाप व परिक्रमा कर रहे हैं। आयोजक श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी ने बताया कि 30 अगस्त से चल रही अष्टयाम 8 सितम्बर तक चलेंगी। उसी दिन पूर्णाहुति होंगी। उन्होंने बताया कि जनता जनार्दन के सहयोग से रामधुन सफल हो रही हैं। श्रीधर बाबा ने कहाकि के कलयुग में तो नाम की विशेष महिमा है। क्योंकि जो फल सतयुग में त्रेतायुग में द्वापर युग में बड़े-बड़े तप करने से, बड़ी-बड़ी समाधि लगाने से, बड़े-बड़े यज्ञ करने से मिलता था। वह फल कलयुग में तो भगवान नाम के संकीर्तन से ही प्राप्त हो जाता हैं। रामायण में वर्णन हैं कि कलयुग के वश नाम अधारा सुमिर-सुमिर नर उतर ही पारा, कलयुग में तो नाम की विशेष महिमा है।भगवान के सब श्रेष्ठ नाम कृष्ण और राम हैं।इस लिए अखण्ड में लगातार इन दोनों नाम की जाप होती हैं।

यूपी के देवरिया की युवती को ट्रक ने सारण में रौंदा, मौत

वाणीश्री न्यूज़, रसूलपुर/एकमा (सारण)। छपरा-सीवान एन एच 531 पर गुरुवार की सुबह छपरा से सीवान की तरफ जा रहे एक ट्रक ने साइकिल सवार एक अविवाहित युवती को रौंद दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतका यूपी के देवरिया जिले के खामपार थाना के पुरैना गांव के बीरबहादूर गुप्ता की 20 वर्षीया पुत्री शिल्पी कुमारी थी जो रसूलपुर में कैसपार प्रा. फाइनेंस कम्पनी में काम करती थी। गुरूवार की सुबह शिल्पी वंशीछपरा गांव में कमिटी का पैसा कलेक्शन करने जा रही थी कि ट्रक की चपेट में आ गई। विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और आगजनी की। पुलिस और प्रदर्शन कारियों में तीखी नोक झोंक हुई। ग्रामीण पुलिस पर देर से पहुंचने का आरोप लगा रहे थे। बीडीओ डा सत्येंद्र पराशर, पुलिस इंस्पेक्टर बालेश्वर प्रसाद यादव, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभाकर कुमार भारती, मुखिया विजय कुमार उपाध्याय, समाजसेवी सुनील राठौर आदि ने लोगों को समझाया बुझाया। फिर प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द मुआवजे की राशि उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद सड़क यातायात सामान्य हो सका।

कार्यकर्ताओ का मान-सम्मान सर्वोपरि- उपेन्द्र कुशवाहा

वाणीश्री न्यूज़, छपरा (सारण)। संगठनात्मक ढांचा को मजबूत करें। कार्यकर्ताओ का मान-सम्मान पार्टी के लिए सर्वोपरि है। यह बातें गुरुवार जदयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सह विप सदस्य उपेन्द्र कुशवाहा ने छपरा से सिवान जाने के क्रम में बनियापुर पैगम्बरपुर चौक पर मौजूद जदयू कार्यकर्ताओ द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में कही। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरे देश मे संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने में लगी है। कार्यकर्ता संगठित होकर पार्टी की मजबूती कि लिए कार्य करें। जनता की हक हुकूक की लड़ाई में आड़े आने वाले पदाधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। किसी भी तरह की समस्या के लिए त्वरित पहल करें। मौके पर कार्यकर्ताओं ने श्री कुशवाहा को अंगवस्त्र, फूल माला बुके देकर सम्मानित किया। वहीं जदयू जिलाध्यक्ष डॉ विशाल सिंह राठौर प्रदेश सचिव अल्ताफ आलम राजू, पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शिव नारायण पटेल, महताब आलम, उप प्रमुख संजय, अधिवक्ता निर्मल कुमार, इंदु देवी, विनोद गिरि, संजीव शर्मा, राम अवतार शर्मा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

मतदान एवं मतगणना स्थल के चारों दिशाओं में निषेद्याज्ञा लागू रहेगी: जिलाधिकारी

वाणीश्री न्यूज़, छपरा (सारण)। अनुमंडल पदाधिकारी, सदर छपरा के द्वारा बताया गया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स.स.) - सह- जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्गत सयुक्त आदेश के आलोक में प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि0 गरखा के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन-2021 के अंतर्गत गरखा प्रखंड में निर्वाचन अधिसूचित है। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि गरखा प्रखंड में दिनांक 03 सितम्बर शुक्रवार को प्रातः 6:30 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मत डाले जायेगें एवं मतगणना उसी दिन मतदान समाप्ति के तुरंत बाद निर्धारित मतगणना केन्द्र पर की जाएगी। मतदान एवं मतगणना स्थल पर संबंधित जनप्रतिनिधिगण एवं उनके साथ आने वाले समर्थकों की बड़ी भीड़ को देखते हुए मतदान एवं मतगणना स्थल पर असामाजिक तत्वों एवं अन्य कानून विरोधी व्यक्तियों के द्वारा बाधा उत्पन्न करने की संभावना व्यक्त की जा रही है। फलस्वरुप निर्धारित तिथि उक्त मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर कार्य को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उदेश्य से मतदान एवं मतगणना स्थल के चारों दिषाओं के 200 मीटर परिधि में विधि व्यवस्था संधारण हेतु निषेद्याज्ञा लगाया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि संबंधित प्रखंड में मतदान एवं मतगणना हेतु निर्धारित तिथि को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश दिया गया है कि भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देष्य से पाँच या उससे अधिक का एकत्रित होना, किसी भी व्यक्ति को लाठी भाला, गड़ासा, छूरा या अन्य घातक हथियार, आग्नेयास्त्र, विस्फोटक इत्यादि लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। मतदान एवं मतगणना के दिन सुबह 6 बजे से मतगणना समाप्ति के समय तक ध्वनी विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना स्थल एवं संबंधित प्रखंड क्षेत्र में निषेद्याज्ञा लागू रहने के कारण मतगणना समाप्ति के पश्चात किसी भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि/राजनीतिक दल को विजयी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी।

दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू

वाणीश्री न्यूज़, सुलतानपुर ।दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुलतानपुर ने दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0 15,000.00 व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20,000.00 तथा युवक-युवती दोनो के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35,000.00 निर्धारित है। बताया कि पात्रता शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो, युवती की उम्र 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हों। दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हों। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होगें जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हों। उन्होंने बताया कि दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने के इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति आनलाइन http://divyangjan.upsdc.gov.in पर आवेदन करें। आनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति की दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो , रजिस्ट्रार द्वारा निर्गत विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय व जाति प्रमाण पत्र ,युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो) मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र, एवं युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखो के साथ आवेदन पत्र आनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है, साथ ही आनलाइन सबमिट आवेदन पत्र का प्रिंट एवं वांछित प्रपत्रों की स्वप्रमाणित हार्डकापी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय,कक्ष सं0 21, विकास भवन, सुलतानपुर में जमा करायें।

साइबर क्राइम का नामजद गिरफ्तार

वाणीश्री न्यूज़, परसा (सारण)। बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय दरोगा प्रसाद राय की 99वीं जयंती परसा में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परसा के पूर्व विधायक चंद्रिका राय ने परसा में अपने पिता भूतपूर्व मुख्यमंत्री के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं प्रभुनाथ महाविद्यालय परिसर में स्थापित मूर्ति स्थल पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रचार्य पुष्पराज गौतम संजय कुमार राय, डॉ अनिल कुमार, चंदन कुमार, सिकंदर कुमार, डॉ इंदु कुमारी, एनके सिन्हा, कुणाल कुमार, सुधीर कुमार, रंजन विद्यार्थी, अरुण कुमार, मिथिलेश कुमार, दिनेश कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

पर्यावरण के अनुकूल है पेड़ से बने दोना—पत्तल

वाणीश्री न्यूज़, छपरा (सारण)। सांसद राजीव प्रताप रूडी की अनुशंसा पर परसा स्थित सगुनी पंचायत के तितिरा गांव निवासी गणेश साह पिता राम रिखी साह को गंम्भीर बीमारी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 30 हजार रुपये की राशि की स्वीकृति मिली है। सांसद रूडी के निर्देश पर भाजपा जिला महामंत्री अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पीड़िता के घर जाकर राशि की स्वीकृत पत्र सौंपा गया।इस दौरान पीड़ित के परिजनों एवं ग्रामीणों ने सांसद को इस कार्य के लिए धन्यवाद दिया।इस मौके पर भाजपा के परसा पश्चिमी मंडल उपाध्यक्ष मनोज राय, समाजसेवी घनश्याम बाबा, सुरेश समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

शराब लदी कार सहित एक कारोबारी गिरफ्तार

वाणीश्री न्यूज़, मांझी (सारण)। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान गुरुवार को मांझी स्थित बलिया मोड़ से शराब लदी एक कार जप्त किया है। साथ ही पुलिस ने कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार कारोबारी वैशाली जिला अंतर्गत राजा पाकड़ थाना क्षेत्र के रामसहाय सिंह का पुत्र राजेश कुमार बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को शराब की तस्करी से संबंधित गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर बलिया मोड़ पर सघन वाहन जांच लगा दी गई थी। वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त गाड़ी आती दिखाई दी। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा गाड़ी को रोककर चेक किया गया। जहां गहन जांच करने पर गाड़ी में विशेष तकनीक से बना बर्रनट के नीचे 35 लीटर अंग्रेजी शराब छुपा कर रखा गया था। यह शराब का खेप यूपी के बलिया से चला था। जो हाजीपुर (वैशाली) पहुंचाना था। गिरफ्तारी के बाद नई उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर एवं आवश्यक पूछताछ के बाद कारोबारी को जेल भेज दिया गया।

यूरिया कालाबाजारी का मामला दर्ज, दुकान सीज

वाणीश्री न्यूज़, बनियापुर (सारण)। स्थानीय थाना क्षेत्र के शहाबुद्दीन भीठी में एक दुकानदार के द्वारा एक ही व्यक्ति के नाम पर 45 बोरा यूरिया इंट्री करने के मामले में उर्वरक निरीक्षण सह कृषि पदाधिकारी तरैया शिव शंकर ठाकुर ने प्राथमिकी दर्ज कर कराई है। दुकानदार के खिलाफ बनीयापुर थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि खाद विक्रेता मनोहर सिंह ने बंगाली भीठी के किसान सुजीत महतो के नाम 45 बोरा यूरिया इंट्री कर कालाबजारी की है।जिसकी सूचना जांच पदाधिकारी द्वारा स्थानीय बीएओ राम प्रसाद सिंह को दिया है। वहीं यह दुकान बगल के दुकान में टैग कर दिया है।

नलिनी भारद्वाज (ब्यूरो चीफ)

Bhardwaj Foundation Campus
Ismailpur, Bidupur
Vaishali, Bihar

Phone: 9580301317 | 8318198349

E-mail:

नोट : प्रकाशित खबरों पर सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है । खबरों की पुष्टि स्वंय संवाददातों द्वारा की जाती है इसलिए खबर की सारी जिम्मेदारी संवाददाताओं की है । किसी प्रकार की क़ानूनी वाद-विवाद का निपटारा हाजीपुर न्यायालय में हीं किया जायेगा। **नलिनी भारद्वाज(ब्यूरो चीफ)**

36 लाख रुपए गबन करने के मामले में पूर्व कृषि पदाधिकारी को किया गिरफ्तार

वाणीश्री न्यूज़, फ़िल्मी जगत । कृषि पदाधिकारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,जिसके ऊपर 36 लाख रुपये गबन करने का आरोप है।इस आरोपी कृषि पदाधिकारी को राजधानी पटना में अनिसाबाद स्थित उर्मिला मेडिकल हॉल की गली गिरफ्तार किया गया है। रोहतास पुलिस की बड़ी कार्रवाई में आरोपी कृषि पदाधिकारी की गिरफ्तारी हुई है।डेहरी अनुमंडल के अकोढ़ी गोला प्रखंड के पूर्व प्रखंड कृषि पदाधिकारी मलय कुमार शेखर को पटना के अनिसाबाद से स्थित उर्मिला मेडिकल हॉल की गली गिरफ्तार किया गया है।रोहतास के एसपी आशीष भारती ने खुद यह जानकारी दी है। एसपी आशीष भारती ने बताया कि अकोढ़ी गोला में उक्त प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ने अपनी प्रतिनियुक्ति के दौरान रोहतास के बाजार समिति में तकिया सीएमआर गोदाम के गोदाम प्रबंधक के रूप में प्रतिनियुक्त थे। इस दौरान उन पर 36 लाख रुपये से ज्यादा राशि के धान की सरकारी राशि गबन करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में साल 2017 में सासाराम नगर थाने में एफ आई आर दर्ज की गई थी।रोहतास पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि अकोढ़ी गोला के तत्कालीन प्रखंड कृषि पदाधिकारी मलय कुमार शेखर के खिलाफ सासाराम नगर थाने में 21 अक्टूबर 2017 को गबन के मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। काण्ड संख्या-1543 /17 दर्ज किया गया था।उस समय मलय कुमार शेखर अकोढ़ी गोला प्रखंड कृषि पदाधिकारी के अलावा रोहतास बाजार समिति तकिया गोदाम सासाराम में गोदाम प्रबंधक के पद पर प्रतिनियुक्त थे। उसी दौरान उनपर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 36,14,568.22 रुपये गबन का आरोप लगा था और सासाराम नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सासाराम में सीएमआर प्रभारी के रूप में एक हजार बोरा चावल गबन करने का आरोप लगा है।

बेरोजगारी को लेकर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सरकार पर किया हमला

वाणीश्री न्यूज़, पटना । बेरोजगारी को लेकर आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार से यह पूछा है कि बेरोजगारों को 19 लाख नौकरियां देने के वादे का क्या हुआ? जो वादा एनडीए की सरकार ने बिहार के युवाओं से किया था। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट करते हुए यह लिखा कि "NDA सरकार द्वारा बिहार के युवाओं और बेरोजगारों को 19 लाख नौकरियाँ देने के वादे का क्या हुआ?" डबल इंजन की

सरकार के वायदों ने युवाओं के वर्तमान और भविष्य दोनों को चौपट कर दिया है। तेजस्वी यादव ने यह दावा किया है कि बीते एक साल में बिहार में 15 लाख नौकरियां और रोजगार समाप्त हुए हैं। एनडीए सरकार ने चुनाव के वक्त 19 लाख रोजगार देने का बिहार की जनता से वादा किया था। अब सरकार यह बताए कि उन वादों का आखिर हुआ क्या? जो सपने बिहार के युवाओं को आपने दिखाया उसका क्या हुआ? डबल इंजन की सरकार के झूठे वादों ने बिहार के युवाओं का वर्तमान और भविष्य दोनों बर्बाद कर दिया।

कक्षा 01 से 03 तक के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक समझ पर दे विशेष रूप से ध्यान :उपायुक्त

वाणीश्री न्यूज़, देवघर । उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन जसीडीह स्तिथ सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के सभागर में किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों को एफएलएन मिशन के तहत गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा निपुण भारत अभियान (नेशनल इनीशिएटिव फॉर प्रोफिशिएंसी इन रीडिंग विद अंडरस्टैंडिंग एंड न्यूमेरेसी) के सफल संचालन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ स्कूलों में सक्षम वातावरण तैयार करने की बात कही। जिसके माध्यम से आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता के ज्ञान को छात्रों को प्रदान किया जा सके। आगे उन्होंने कहा कि निपुण योजना के माध्यम से प्रत्येक बच्चे को तीसरी कक्षा के अंत तक पढ़ने, लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता प्रदान की जाएगी। साथ ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा 01 से 03 के विद्यार्थियों में आगामी 05 वर्षों में Foundational Literacy & Numeracy में शत प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त करनी है। क्योंकि एक समय था जब बच्चों को गांव में, पेड़ की छांव में बैठाकर खेल-खेल में पढ़ाया जाता था। उन्हें गिनतियां और पहाड़े यानि टेबल्स याद करवाए जाते थे। बच्चों को मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से विकसित करने में पूरे गांव का योगदान होता था। जैसे-जैसे समय बीता और टेक्नोलॉजी आयी वैसे वैसे बच्चों की शिक्षा फोन-लैपटॉप तक आ पहुंची। लेकिन पिछले कुछ साल से बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाये जा रहे हैं। ऐसे में निपुण भारत अभियान की शुरुआत का उद्देश्य भी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लिए बच्चों को एक सुलभ वातावरण प्रदान करना है, ताकि हर बच्चा कक्षा तीन तक पढ़ाई, लिखाई और अंकों के ज्ञान में जरूरी निपुणता हासिल कर सके।इसके अलावे समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने अभियान की सफलता को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिला, प्रखण्ड एवं विद्यालय स्तर पर प्रभावी कार्ययोजना का निर्माण करे तथा समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम के संचालन हेतु रणनीति का निर्माण करें, ताकि अभियान का लाभ बच्चों को मिल सके। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि किसी भी कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक शर्त है कि उसका प्रत्येक स्तर पर अनुश्रवण व अनुपालन निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत हो इसलिए जिला , प्रखंड व विद्यालय स्तरीय समिति का सक्रिय होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

■ बच्चों की प्रोग्रेस को किया जायेगा ट्रैक:- उपायुक्त

जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त। श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि निपुण भारत के तहत बच्चों की प्रोग्रेस को ट्रैक किया जायेगा, जिससे बच्चों की ताकत, जरूरतों, रुचियों और वरीयताओं को पहचान मिलेगी, बच्चों के प्रदर्शन को मजबूती मिलेगी और हस्तक्षेपों के माध्यमों से उन्हें सहारा दिया जायेगा। साथ ही मुद्दों और चिंताओं को हल करने के लिए सहयोग के साथ इससे सीखने की कमियों और सीखने की कठिनाइयों की शीघ्र पहचान हो पायेगी।

■ मिशन मोड पर चलाया जाएगा अभियान:- उपायुक्त

उपायुक्त ने निपुण भारत अभियान को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिशन मोड़ में आपसी सहयोग के साथ सभी को कार्य करने की आवश्यकता हैं। कहते हैं कि बच्चों की मूलभूत शिक्षा में सुधार के लिए एक सफल मिशन की परिकल्पना संस्थानों, शिक्षकों, माता-पिता, समुदाय, स्थानीय निकायों आदि की सक्रिय भूमिका के बिना नहीं की जा सकती। इसलिए निपुण भारत मिशन शुरू किया गया है। इससे बच्चे तेजी से सीखने के पथ पर अग्रसर होंगे जिससे बाद के जीवन परिणामों और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस दौरान उपरोक्त के अलावे सिविल सर्जन श्री सी.के शाही, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी , पिरामल फाउण्डेशन के सुजीत त्रिवेदी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, बीपीओ एवं संबंधित अधिकारियों आदि उपस्थित थे।